Publication Name: The Hindustan Times
Publication Date: 10/03/2026
Edition: Delhi
Page No: 20
CCM: 67.72

Amit Shah inaugurates dairy development projects

Union Home and Cooperation Minister Amit Shah recently inaugurated development initiatives of the National Dairy Development Board (NDDB) and OMFED in Bhubaneswar, and also inaugurated and laid the foundation stones for various projects of the Government of Odisha.

Publication Name: Vinay Ujala
Publication Date: 10/03/2026
Edition: Bhopal
Page No: 11
CCM: 150.21

Prosperity will increase through cooperation in rural areas

ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता से बढ़ेगी समृद्धि

विनय उजाला

उज्जैन, निप्र। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पंकज कुमार बंसल ने सोमवार को सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल में जिला सहकारी विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को सहकारी समितियों से जोड़ना अनिवार्य है। अतिरिक्त सचिव बंसल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन से जुड़े लोगों के लिए नई सहकारी समितियों का पंजीयन तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि मछुआरों के समूह बनाकर उन्हें पंजीकृत किया जाए ताकि वे सरकारी सब्सिडी और अन्य योजनाओं का सीधा लाभ उठा सकें। बैठक में जिले की प्रगति का ब्यौरा पेश किया गया, जिसमें बताया गया कि जिले की सभी 609 ग्राम पंचायतों को पैक्स, डेयरी और मत्स्य समितियों के दायरे में लाया जा रहा है। वर्तमान में 172 पैक्स, 465 डेयरी समितियां और 33 मत्स्य समितियां कार्यरत हैं। 34 प्रस्तावित नए बी-पैक्स में से 22 का पुनर्गठन कर पंजीयन पूर्ण कर लिया गया है। जिले की सभी 172 पैक्स संस्थाओं में कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं। इनके जरिए बिजली बिल भुगतान, पीएम किसान रजिस्ट्रेशन और फास्टैग रिचार्ज जैसी सेवाएं दी जा रही हैं, जिससे पिछले एक वर्ष में 10.15 लाख का व्यवसाय हुआ है। ग्रामीण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले की 5 पैक्स समितियों झारडा, माकड़ोन, पंथपिपलई, रूपेटा और नरवर का चयन जन औषधि केंद्र के लिए किया गया है। इसमें से रूपेटा समिति को लाइसेंस मिल चुका है और वहां केंद्र सुचारू रूप से संचालित है।